# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अजमेर के पदाधिकारियों की बैठक हुई

## सभी उप शाखा अध्यक्षों से अपनी अपनी उप शाखाओ में चुनाव की तिथि और स्थान की जानकारी ली


**जिला बैठक का आयोजन प्रवासी कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवम जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में सत्यनारायण जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अजमेर की प्रदेश के दिशा निर्देशानुसार तय कार्यक्रम के अनुसार जिला बैठक का आयोजन प्रवासी कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवम जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में सत्यनारायण जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

अजयमेरू उप शाखा के आथित्य में आयोजित बैठक में आज मां सरस्वती के पूजन एवम् प्रार्थना के बाद जिला मंत्री चेतन प्रकाश ने गत बैठक कार्यवाही पढ़कर सुनाई। महावीर वर्मा पूर्णकालिक कार्यकर्ता, दीपेंद्र सिंह जिला संघठन मंत्री,रमेश कुमार गोयल विभाग संगठन मंत्री के परिचय एवम् स्वागत के बाद प्रवासी कार्यकर्ता दिनेश कुमार ने इस जिला बैठक में अपेक्षित और उपस्थित का वृत लिया और बैठक में सभी उप शाखा अध्यक्ष, मंत्री जिला कार्यकरिणी उपस्थित रही।

इसके बाद जिले की समस्त उप शाखाओ की केश बुक, बैंक पास बुक, चेक बुक और बाउचर फाइल एकत्र कर सभी उप शाखा अध्यक्षों से अपनी अपनी उप शाखाओ में चुनाव की तिथि और स्थान की जानकारी ली। उपस्थित प्रदेश, जिला एवम उप शाखा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की राय से सभी चुनाव अधिकारियों के साथ पर्यवेक्षक के नाम तय कर चुनाव विज्ञप्ति जारी की गई। सभी चुनाव अधिकारियों को चुनाव सामग्री वितरित कर समयबद्ध तरीके से चुनाव सम्पन्न कर उसी दिन सभी चुनाव सामग्री जिला केंद्र पर जमा कराने हेतु निर्देश दिए गए।

श्रद्धेय जयदेव जी पाठक की जन्म शताब्दी वर्ष में संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही 28 और 29 सितंबर को आबूरोड में आयोजित चिंतन बैठक में भाग लेने वाले अपेक्षित कार्यकर्ताओ की सूची मय मोबाइल नम्बर सहित की सूचना 20 सितंबर तक भिजवाने हेतु कहा गया।

नवंबर माह में अहिल्या बाई होल्कर की जयंती के लिए अक्तूबर माह में तैयारी बैठक हेतु तैयारी करने के साथ इसी माह सत्र 2024 -25 जिला शैक्षिक सम्मेलन नसीराबाद में आयोजित किया जाएगा और अगले वर्ष का स्थान भी किशनगढ़ के लिए तय किया गया। अजमेर जिला कार्यकारिणी का चुनाव 20 अक्तूबर 2024 को जिला केंद्र पर आयोजित किए जाने का निर्णय किया गया।

## सड़कों को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर की खस्ता हाल सडक़ों की दुर्दशा सुधारने की मांग को लेकर रविवार को कचहरी रोड के व्यापारियों ने प्रदर्शन किया और निगम और जिला प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। सडक़ों पर हो रहे गड्ढों की वजह से आए दिन लोगों दुर्घटना का शिकार हो रहे है। कचहरी रोड़ की खराब सडक़ों की र्दुदशा को लेकर रविवार को पार्षदों अनीता चौरसिया के नेतृत्व में व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने निगम और जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्षद अनीता चौरसिया ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार जिला प्रशासन और नगर निगम को पत्र लिखकर सडक़ों की दुर्दशा सुधारने की मांग की, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा समर्थित पार्षद रणजीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है और इसकी वजह से शहर की सडक़ों की दुर्दशा खराब है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर की प्रमुख सडक़ों का दौरा किया था, उनके साथ कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, नगर निगम आयुक्त देशल दान सहित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### 6 व्यापारियों के मार्बल खंडे चोरी

**मकराना,** (निसं)। शहर के कातला रोड़ स्थित करीब बाड़ों से करीब 6 व्यापारियों के मार्बल खंडे (छोटे पत्थर) चोरी होने का मामला सामने आया हैं। व्यापारियों ने चोरों के खिलाफ पुलिस थाना मकराना में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।मार्बल व्यापारी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद शरीफ रान्दड़ ने थानाधिकारी राजेश कुमार को अन्य व्यापारियों के साथ रिपोर्ट देकर बताया कि परिवादी सहित मोहम्मद अरफान पुत्र हाजी शकुर अहमद भाटी, मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद इस्माईल चौधरी, नदीम अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद उमर सिसोदिया, सरफराज पुत्र अब्दुल सलाम गेसावत सभी मार्बल खंडों का व्यापार करते हैं। जिसके चलते उन्होंने कातला रोड़ पर अपने अपने बाड़े कर रखे हैं। वे खानों, मार्बल घड़ाई बाड़ो से खंडे खरीदकर लाते हैं और वहां जमा करते हैं। बाद में उनकी छंटाई करके आगे फैक्ट्रियों में भेजते हैं। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त की शाम को सभी व्यापारी अपने अपने घर चले गए थे। 30 अगस्त की सुबह बाड़ों में पहुंचे तो वहां छटाई कर रखे हुए सफेद मार्बल खंडे नहीं थे। आसपास पूछने पर भी खंडों का कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि उनके बाड़ों पर रखे सफेद खंडों को चोर चोरी कर ले गए। जिससे प्रत्येक व्यापारी को 40 से 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ हैं।

### बाबा रामदेव मेला 5 को

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा उपखंड के निकटवर्ती ग्राम सारणिया में 5 सितंबर गुरुवार को लोक देवता बाबा रामदेव का मेला धूमधाम से भरेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर मेला कमेटी के पदाधिकारी ने मेले की तैयारी शुरू कर दी। मेले के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में आसपास के गांवो की टीम में भाग लेगी। विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। मेले के दौरान आसपास के गांवों से मंदिर पर झंडा लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को पारितोषिक भी किया जाएगा। मेले से पूर्व 4 सितंबर बुधवार को जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### सूर्य घर लाभार्थी शिविर आज

**मेड़ता सिटी,** (निसं.)। मसूदा विद्युत वितरण निगम की ओर से 2 सितंबर सोमवार को मसूदा विद्युत वितरण निगम के बांदनवाड़ा रोड स्थित सहायक अभियंता कार्यालय पर प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पीएम सूर्य घर लाभार्थी शिविर का आएं किया जाएगा। मसूदा कनिष्ठ अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि इस दौरान उपभोक्ताओं पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत मुक्त बिजली उपलब्ध करवाए जाने को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा।

## ज्वैलर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन

■ **मूलचन्द तोषावड़ अध्यक्ष व विनय सोनी महामंत्री बने**

**मकराना,** (निसं)। श्री मैढ़ क्षित्रय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रधान संस्थापक, संरक्षक एवं कार्यकारी अध्यक्ष हंसराज कड़ेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने मकराना निवासी मूलचन्द तोषावड़ को डीडवाना-कुचामन जिले के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

डीडवाना-कुचामन जिलाध्यक्ष मूलचन्द तोषावड़ ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए वरिष्ठ पत्रकार विनय सोनी-बोरावड़ को जिला महामंत्री, सुनील कुमार धूपड़-कुचामन सिटी को कोषाध्यक्ष, बाबुलाल सहदेव-बोरावड़, रामगोपाल रोडा-परबतसर तथा मुकेश जाटावत-डीडवाना को जिला उपाध्यक्ष के रूप में जिला कार्यकारिणी में शामिल किया है। राधेश्याम रोडा-ओडिंट लाडनूं को सचिव, राधेश्याम अठोया-बोरावड़ को संगठन मंत्री, मास्टर हरिप्रसाद सहदेव-बोरावड़ को शिक्षा मंत्री, संजय सहदेव-कुचामन को सह कोषाध्यक्ष, मनोज रोडा-मृदुल डीडवाना को जिला प्रवक्ता, चन्द्रप्रकाश बबेलिया-परबतसर को मिडिया प्रभारी, एडवोकेट अनिल कुमार रोडा-बोरावड़ व एडवोकेट दीपक बामलवा-नावां को विधि सलाहकार, लालचन्द डांवर-लाडनूं को सलाहकार के रूप में संगठन की कार्यकारिणी में शामिल किया है।

## महर्षि ऋषि जन्मोत्सव कार्यक्रम

**शाहपुरा,** (निसं)। महर्षि गर्ग ऋषि के जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर तेयारी जोर शोर से चल रही हैं। गर्ग ब्राह्मण समाज के शाहपुरा जिला कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी कोठियाँ ने बताया की ऋषि पंचमी पर आयोजित महर्षि गर्ग ऋषि जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिये कार्यकारणी के शाहपुरा जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, भंवर लाल , रमेश चन्द्र रामपाल भटेडा अरुण नागर श्याम सुन्दर नागर व गुरुकुल सेवा संस्थान के गोविन्द राम गर्ग शिवप्रसाद गर्ग सहित कई कार्यकर्ता गांव गांव ढाणी ढाणी घूम कर समाज के विप्र बंधुओं को निमंत्रण दे रहे हैं। 8 सितम्बर रविवार को आयोजित कार्यक्रम मे गर्ग ब्राह्मण समाज के बोर्ड परीक्षा मे 75 अंक लाने वाले सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जायेगा।

## पांच दिवसीय निशुल्क शिविर का समापन, 382 रोगी लाभान्वित


**पांच दिवसीय आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया।**

**अजमेर,** (कासं)। वैशाली नगर स्थित छतरी योजना में दिगंबर जैन महासमिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया पर 382 लोग लाभान्वित हुए दिगंबर जैन महासमिति महिला अजमेर संभाग की अध्यक्ष रूपश्री जैन ने बताया की जबलपुर के प्रख्यात आयुर्वेदिक चिकित्सा दिनेश कुमार जैन ने निशुल्क सेवाएं दी।

इस शिविर के दौरान लाभाविंत मरीजो ने दिंगबर जैन महिला महा समिति की एवम वैद्य जी की बहुत हीं प्रसन्नसा की, साथ ही मांग करी की इस तरह के शिविर भविष्य में ओर लगाए जाए, इस अवसर पर बोलते हुऐ रूपश्री जैन ने बताया कि आने वाले दिनों मे बच्चों की परवरिश सम्बन्धित शिविर लगाया जायगा।

महासमिति की अनुभा जैन, सुनीता जैन, रिंकू जैन व कार्यक्रम की सयोजक विनीशा जैन ने पांचो दिवस अपनी सेवाएं प्रदान की दिगंबर जैन महा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि शुरू में यह है शिविर त्रि दिवसीय था लोगों का रुझान व उनकी मांग को देखते हुए इसे पांच दिवस का किया गया।


### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण थोक मालियान (तृतीय) बालूपुरा खसरा संख्या 8001 भूखण्ड संख्या F-29 क्षेत्रफल 235.55 वर्गगज के आवंटी श्री ओमप्रकाश जांगिड़ पुत्र श्री देवाराम जांगिड़ निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 18-8-2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 13-8-24 के आधार पर नामान्तरण हेतु मृतक के वारिस प्रशांत जांगिड़ पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश जांगिड़ निवासी अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध मे किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2023/2351 आम सूचना दिनांक : 14.8.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 68 | भंवरसिंह सोलंकी पुत्र नारायण सिंह उर्फ छित्तर सिंह | वैभव विहार बिजयनगर ख.सं. 4122, 4454/4121, 4460/4098, 4096 भू.सं. 98 | 83.61 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर


## विनोद रत्नू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**अजमेर,** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा अजमेर के अध्यक्ष पद के रविवार को चुनाव हुए। इन चुनावों में एक बार फिर विनोद रतनू अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा और उमेश शर्मा ने बताया कि 12:15 बजे निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र मांगे गये जिसके तहत मात्र विनोद रतनू का ही आवेदन प्राप्त हुआ। तय समय तक और किसी कर्मचारी ने आवेदन नहीं आने पर और समस्त घटक संगठनों ने मिलकर सर्व सम्मति से विनोद रतनू को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित कर दिया। उमेश शर्मा ने रतनू को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

## शिक्षक संघ शाहपुरा की बैठक

**शाहपुरा,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाहपुरा की बैठक प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आदर्श विद्या मंदिर गांधी पुरी शाहपुरा मे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रदेश संयुक्त मंत्री अजमेर संभाग सुरेंद्र नामा के आतिथ्य में एवं जिलाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई इसमें जिले से समस्त शाखाओ के अध्यक्ष, मंत्री एवं सदस्य उपस्थित रहे। उप शाखा के चुनाव इसी माह में संपन्न करने का निर्णय लिया गया।

फुलिया कला, बनेडा, कोटडी, शाहपुरा के उप चुनाव 8 सितंबर को एवम जहाजपुर उप शाखा के चुनाव 22 सितंबर को होंगे। संगठन के संस्थापक श्रद्धेय जय देव पाठक जन्म शताब्दी कार्यक्रम योजना पर चर्चा हुई। समस्त उपशाखा अपनी कैसबुक, वाउचर फाइल, बैंक पासबुक एवं चेक बुक जिला निर्वाचन अधिकारी को जमा करवाई गई। जिला मंत्री संजीव कुमार शर्मा ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को पुरजोर मांग रखी।

## 'जहां विलासिता होती है वहां सदगुणों का विनाश होता है'

■ **दादाबाड़ी में आयोजित प्रवचन में शतावधानी साध्वी मनोहर श्रीजी महारासा ने धर्मसभा को संबोधित किया**

**अजमेर,** (कासं)। जैन समाज के पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरतरगच्छाचार्य श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी में आयोजित प्रवचन में शतावधानी साध्वी मनोहर श्रीजी महारासा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां भी विलासिता का उल्लास होता है वहां सभी सदगुणों का विनाश होता है। विलासिता मन को भक्तिहीन, तन को शक्ति विहिन बना देती है। विलासिता का त्याग संकल्प शक्ति से ही सम्भव है। मनुष्य जब सदाचारी और संकारी होगा तब ही वह विकारों से मुक्त हो सकता है।

धर्मसभा को साध्वी निरंजना श्रीजी, काव्यप्रभा श्रीजी, डॉ. स्मितप्रज्ञा श्रीजी ने भी सम्बोधित करते हुए पर्यूषण महापर्व के आठ दिनों में जप और तप, सामूहिक स्नात्र पूजा और परमात्मा की भक्ति में डूब जाने का आव्हान किया। सुशील वेद ने बताया कि दादाबाड़ी में सोमवार से बारह सौ कल्पसूत्रों का वांचन प्रारम्भ होगा जो संवसत्सरी महापर्व के दिन मूल सूत्र वांचन के साथ सम्पन्न होगा। दादाबाड़ी में प्रतिदिन प्रातः सामूहिक संगीतमय स्नात्र पूजा, रात्रि में दादा गुरूदेव की भक्ति भव्य आंगी रचना और सांयकालीन प्रतिक्रमण चल रहे है। साध्वी काव्यप्रभा श्रीजी ने धर्मासभा में स्नात्र पूजा का महत्व बताते हुये श्रावक श्राविकाओं से स्नात्र पूजा में प्रत्येक परिवार को उपस्थित रहने की बात कही। रविवार को दादाबाड़ी में छोटे छोटे बालक बालिकाओं ने भी स्नात्र पूजा कर प्रवचन का लाभ लिया। धर्मसभा में विक्रम पारख, सुशील वेद, अनिल धारीवाल, नरेन्द्र लालन सहित धर्मानुयायी उपस्थित थे।

## कब्रिस्तान कमेटी सुभाष नगर के चुनाव संपन्न

**भीलवाड़ा,** (निसं)। कब्रिस्तान कमेटी सुभाष नगर के चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्व समिति से हाजी अहमद नूर खां कायमखानी को सदर, फखरुद्दीन शेख को सेक्रेटरी व मोहम्मद जाहिद पठान को खजांची बनाया गया इस कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का निर्धारित किया गया है । कमेटी के चुनाव को लेकर सुभाष नगर कब्रिस्तान कमेटी की प्रबंध कार्यकारिणी ने बहुमत के आधार पर बस्ती के प्रमुख मोतबिरों की उपस्थिति में मिटिंग का आयोजन किया जिसकी सदारत हाजी अकबर मोहम्मद मंसूरी ने की और सरपरस्ती हाजी इकबाल खान पठान द्वारा की गई। गठन के बाद कमेटी का रजिस्ट्रेशन कराकर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाने का निर्णय लिया गया तथा हर तीन माह में कार्यकारिणी की मीटिंग तथा वर्ष में एक जनरल मीटिंग बुलाकर आमद खर्च का हिसाब आमसभा में पेश करना अनिवार्य किया गया है।

## चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

**अजमेर,** (कासं)। शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलवर गेट थाना क्षेत्र के मदर क्षेत्र में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने एक बार फिर सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात अंजाम दी। चोरों ने अलमारी में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित सहित 70 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीडित् ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अलवर गेट थाना क्षेत्र के विनायक नगर नाका मदार निवासी तरुण निर्माण ने बताया कि उसके माता-पिता जोधपुर गए हुए हैं। मकान को ताला लगाकर वह परिवार सहित गुलाबबाड़ी रिश्तेदार के यहां गया था। रविवार सुबह जब वह घर पर आया तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर में जब प्रवेश किया तो अलमारी खुली हुई थी। उसमें रखा समान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखे लाखों रुपए किमत के सोने-चांदी के आभुषण चोर चुराकर ले गए। तरुण ने बताया कि चोरों ने घर में रखे सरिये का इस्तेमाल किया था। सरिये से चोरों ने अलमारी के ताले को तोड़ा था। वारदात के बाद चोर सरिये को मौके पर छोडक़र फरार हो गए। पीडित् तरुण ने बताया कि अलमारी में आर्टिफशियल ज्वैलरी भी थी। जिसे चोर घर में ही छोड़ गए। असली सोने-चांदी के आभुषण चुराकर ले गए।

## सोफिया खेतड़ी को हरा सेंट मेरी अजमेर ने जीता खिताब

### मदर मटिल्डा महिला बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन


**प्रतियोगिता में 11 टीमों की 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया।**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की सेंट मेरी कॉन्वेट स्कूल ने खेतड़ी की सोफिया स्कूल को हराकर यहां सम्पन्न तीन दिवसीय मदर मटिल्डा महिला बॉस्केट बॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में 11 टीमों की 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सोफिया कन्या महाविद्यालय (स्वायत), अजमेर में आयोजित तीन दिवसीय मदर मटिल्डा महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट फाईनल मुकाबलें में रविवार को खिताब के प्रबल दावेदार सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल ने अपनी जीत का अभियान जारी रखते हुए फाईनल में सोफिया स्कूल खेतड़ी को 71-59 अंको के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इससे पूर्व सेमी फाईनल मुकाबलों में सोफिया स्कूल खेतड़ी ने सोफिया स्कूल अजमेर को हराकर जीत की पटरी से नीचे उतार दिया वहीं दूसरे सेमी फाईनल मुकाबले सेंट मेरी कॉन्वेंट ने सोफिया स्कूल मेरठ को करारी शिकस्त देते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय नौसेना के सेवानिवृत कमांडर जे.एस राजावत ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किये इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वार्ड नंबर 63 के पार्षद नरेंद्र तुनवाल व सामाजिक कार्यकर्ता सैयद सोहेल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि जे एस राजावत ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए खेल भावना से खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही भारतीय सशस्त्र सेना में आने के लिए आग्रह किया। पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों एंव उपस्थित अतिथियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर सिस्टर पर्ल ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

टूर्नामेंट की संयोजक डॉ शाहिना शेरानी और आयोजन सचिव डॉ तन्मय शर्मा रहे। मंच संचालन निशांत पाल एवं प्रतिष्ठा पांडे ने किया। कुमार गौरव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ कुमुद खत्री, अनिता चौधरी व अन्य मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत,कडैल पंचायत समिति ,अजमेर ग्रामीण ,जिला -अजमेर (राज.)

क्रमांक ग्रा. पं.कडेल /पट्टा आपत्ति /2024/75 दिनांक:30.08.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कडैल क्षेत्र में निवास कर रहे परिवारों से आवासीय एवं डी.एल.सी दर पर पट्टा बनवाने हेतु निम्नलिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुए है | उनके पात्र होने पर आवासीय एवं डी.एल.सी दर पर भुखण्डो / मकानो के पट्टे जारी किये जायेंगे | इसलिए यदि किसी व्यक्ति / संस्था / राजस्व विभाग या अन्य किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति एवं एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर मय आपति दस्तावेज़ सहित जेसे उस स्थान का पूर्व में कोई पट्टा जारी हो स्वामित्व सम्बन्धी कोई विवाद हो ,अन्य किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो कार्यालय ग्रा.पं.कडेल में स्वयं मय दस्तावेज़ उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे | इस निर्धारित समय अवधि के पश्चयात किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा एवं निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर राजस्थान पंचायतीराज के नियमानुसार पात्रता पाये जाने पर पट्टे जारी किये जायेंगे |

| क्र स | प्रार्थी का नाम | पिता / पति का नाम | जाति | ग्राम | दिशा / पड़ोसी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीता | सियाराम | वैष्णव | डुंगरिया खुर्द | मिसलानुसार |
| 2 | ममता कंवर | गोपाल सिंह | राजपूत | डुंगरिया कला | मिसलानुसार |
| 3 | रामप्यारी | हुकम नाथ | कलबेलिया | कडैल | मिसलानुसार |
| 4 | महिपाल सिंह | अजित सिंह | राजपूत | कडैल | मिसलानुसार |
| 5 | दामोदर बाहेती | रामप्रताप बाहेती | माहेश्वरी | कडैल | मिसलानुसार |
| 6 | श्याम सुंदर बाहेती | नोरतमल | माहेश्वरी | कडैल | मिसलानुसार |
| 7 | मदन | श्रवण खटीक | खटीक | कडैल | मिसलानुसार |
| 8 | देवेन्द्र कुमार | गुलाब नाथ | नाथ | कडैल | मिसलानुसार |
| 9 | बीना | घनश्याम तंवर | तंवर | कडैल | मिसलानुसार |
| 10 | पुष्पा कंवर | धर्मेंद्र तंवर | मेघवाल | कडैल | मिसलानुसार |
| 11 | राजेश योगी | नवल नाथ | नाथ | कडैल | मिसलानुसार |
| 12 | राजू लाल | ईश्वर लाल | राईका | कडैल | मिसलानुसार |
| 13 | अन्नपूर्णा | सूरजनाथ | नाथ | कडैल | मिसलानुसार |
| 14 | हनुमान | किशना | मेघवाल | कडैल | मिसलानुसार |
| 15 | आरती | राजेंद्र कुमार | हरिजन | कडैल | मिसलानुसार |
| 16 | कमला देवी | श्रवण कुमार | मेघवाल | कडैल | मिसलानुसार |
| 17 | निशा | शोबराज | खटीक | कडैल | मिसलानुसार |
| 18 | आलम | रमजान | लुहार मुसलमान | कडैल | मिसलानुसार |
| 19 | गोपाल सिंह | रोड सिंह | रावणा राजपूत | कडैल | मिसलानुसार |
| 20 | नर्मदा | नरसिंह राम | रेगर | डुंगरिया खुर्द | मिसलानुसार |

नोट: उपरोक्त क्रम संख्या 1 से 20 तक यदि पूर्व में किसी स्तर से कोई पट्टा जारी होना,किसी प्रकार का आपसी भाई बटवारा ,विवाद या किसी भी न्यायलय में प्रकरण दर्ज हो या किसी पड़ोसी की कोई आपति हो तो कार्यालय ग्राम पंचायत कडेल में आगामी 30 दिवस में प्रस्तुत करे | निर्धारित समय पश्चयात प्राप्त आपत्ति पर किसी भी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत कडेल की ज़िम्मेदारी नहीं होगी एवं पट्टा जारी कर दिया जाएगा | यदि पट्टा आवेदनकर्ता द्वारा गलत तथ्यो के आधार पर पट्टा जारी होना पाया जाता है तो पट्टा आवेदनकर्ता स्वयं कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होगा |

सरपंच / ग्राम पंचायत कड़ैल / पंचायत समिति / अजमेर ग्रामीण

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत कड़ैल / पंचायत समिति / अजमेर ग्रामीण